नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

## एक नजर में



### दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आज से

**भोपाल.** मध्यप्रदेश राज्य खाद्य आयोग एवं मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग के संयुक्त तत्वावधान में 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 : प्रगति, चुनौतियां और भविष्य की दिशा' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 21 एवं 22 जुलाई को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में किया जाएगा. कार्यशाला को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत संबोधित करेंगे. कार्यशाला में नीति आयोग, भारत सरकार के पूर्व सदस्य प्रो. राजेश चंद्र, मध्यप्रदेश राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष प्रो. वीरेन्द्र कुमार मल्होत्रा, खाद्य विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रश्मि अरुण शमी तथा मध्यप्रदेश राज्य खाद्य आयोग के सदस्य सचिव श्रीमन शुक्ला भी विचार व्यक्त करेंगें.

### अतिरिक्त बैलेट यूनिट का प्रथम रेंडमाइजेशन किया

**दतिया.** दतिया विधानसभा उप निर्वाचन-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अतिरिक्त बैलेट यूनिट का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया. न्यू कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित इस प्रक्रिया में सामान्य प्रेक्षक विजय भारती और जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेड़े मौजूद रहे. निर्वाचन आयोग के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई. इस दौरान निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों के अलावा विभिन्न जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रही. अधिकारियों ने बताया कि अतिरिक्त बैलेट यूनिट का रेंडमाइजेशन मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारु बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है.

# न्यायालय बंदी गृह की दीवार ढहने से तीन लोगों की मौत

## बारिश के दौरान दोपहर हुआ हादसा

**सीधी, 20 जुलाई. जिले के रामपुर नैकिन न्यायालय परिसर स्थित बंदी गृह की जर्जर दीवार आज दोपहर बारिश के दौरान अचानक भरभराकर गिर गई, जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और एक व्यक्ति की हॉस्पिटल में मौत हो गई वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रामपुर नैकिन ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो की जानकारी मिली है.**

घटना की सूचना मिलते ही मजिस्ट्रेट एवं थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया .प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मलबे में किसी अन्य व्यक्ति के फंसे होने की आशंका जताई जा रही थी जिसके चलते प्रशासन द्वारा लगातार राहत अभियान चलाया . इस दर्दनाक हादसे ने शासकीय भवनों की जर्जर स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते भवन का निरीक्षण और मरम्मत कराई जाती, तो शायद दो लोगों की जान नहीं जाती. सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर जिले के जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को ऐसे जर्जर शासकीय भवन क्यों नहीं दिखाई देते क्या कार्रवाई केवल किसी बड़े हादसे के बाद ही होगी.

## सड़क हादसे में दो की मौत

**झाबुआ, 20 जुलाई.** जिले में झाबुआ-मेघनगर मार्ग पर सोमवार को हुए एक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. मेघनगर पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले के झाबुआ-मेघनगर मार्ग पर राजगढ़ से थांदला की ओर जा रही एक निजी बस सामने से आ रही मोटरसाइकिल से टकरा गई. इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार अर्जुन निवासी ग्राम बिसलपुर और सोहिल निवासी ग्राम नागनखेड़ी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया. इस मामले में पुलिस ने बस और मोटरसाइकिल को जब्त कर प्रकरण दर्ज कर लिया है. हादसे के कारणों की जांच की जा रही है. सूत्रों के अनुसार इस घटना से बिसलपुर और नागनखेड़ी गांवों में मातम पसरा हुआ है. वहीं स्थानीय लोगों ने झाबुआ-मेघनगर मार्ग पर सड़क सुरक्षा के बेहतर इंतजाम किए जाने की मांग की है. पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है.



**विधानसभा अध्यक्ष का अभिनंदन**

मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर का उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विधानसभा के मानसून सत्र प्रारंभ होने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया

# टेंपो ट्रैवलर ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत

## इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर लगा लंबा जाम

**इंदौर.** इंदौर इच्छापुर मार्ग स्थित सिमरोल थाना क्षेत्र के भैरव घाट पर सोमवार को तेज रफ्तार टेंपो ट्रैवलर और बाइक की आमने सामने हुई टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद टेंपो ट्रैवलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी गहरी खाई में जा गिरा. मृतकों की पहचान विकास पिता कालू अचाले उम्र 22 साल और रोहित पिता वाल सिंह उम्र 24 साल के रूप में हुई है. हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. सूचना मिलने पर सिमरोल पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से पहले मध्यम भारत अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें एमवाय अस्पताल रेफर किया जहां उनका इलाज किया जा रहा है. वहीं दुर्घटना के कारण इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई. दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और कई किलोमीटर तक जाम की स्थिति बनी रही.

> भैरव घाट पर टेंपो ट्रैवलर और बाइक के बीच टक्कर हुई है. हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हुई है. घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है. दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है.
>
> **एएसआई सुरेश चौहान,** सिमरोल थाना

# जीएसटी ट्रिब्यूनल की मांग को लेकर हाईकोर्ट सख्त

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने इंदौर में जीएसटी अपीलीय अधिकरण ( जीएसटी ट्रिब्यूनल ) की राज्य पीठ स्थापित किए जाने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर केंद्र सरकार, जीएसटी काउंसिल, मध्यप्रदेश शासन और राज्य कर आयुक्त को नोटिस जारी किए हैं.**

मध्यप्रदेश टैक्स कंसल्टेंट्स एसोसिएशन की ओर से दायर जनहित याचिका में 14 सितंबर 2023 की उस अधिसूचना को चुनौती दी गई है, जिसके तहत मध्यप्रदेश में जीएसटी अपीलीय

### केंद्र सहित चार पक्षों को नोटिस

अधिकरण की राज्य पीठ केवल भोपाल में स्थापित की गई है.

याचिका में कहा गया है कि 18 दिसंबर 2019 को जीएसटी काउंसिल की 38वीं बैठक में इंदौर को राज्य पीठ के स्थान के रूप में तय किया गया था, लेकिन बाद में जारी अधिसूचना में इंदौर को शामिल नहीं किया गया. याचिका में तर्क दिया गया है कि इंदौर प्रदेश का प्रमुख वाणिज्यिक शहर है तथा यहां पहले से मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की खंडपीठ और राज्य जीएसटी आयुक्त कार्यालय संचालित हैं. इसके बावजूद राज्य पीठ भोपाल में स्थापित करना मनमाना निर्णय है, जिससे प्रदेश के बड़ी संख्या में करदाताओं और कर पेशेवरों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ेगा. इसे संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन भी बताया गया है. याचिका में केंद्र सरकार को जीएसटी काउंसिल की पूर्व सिफारिश के अनुरूप इंदौर में जीएसटी ट्रिब्यूनल की राज्य पीठ गठित करने के निर्देश देने की मांग की गई है. उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आनंद सोलंकी ने बताया कि मध्यप्रदेश टैक्स कंसल्टेंट्स एसोसिएशन की ओर से यह जनहित याचिका दायर की गई है.

# अखिलेश के शव की पहचान पर सस्पेंस

## उर्मिला हत्याकांड में आठ दिन की फरारी और सुसाइड नोट की जांच में जुटी पुलिस

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 20 जुलाई. पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी हत्याकांड में आरोपी पति अखिलेश सैनी के शव को लेकर अब भी संशय बना हुआ है. गंजबासौदा रेलवे ट्रैक पर मिले सिरकटे शव को परिजन अखिलेश का बता रहे हैं, लेकिन पुलिस वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर ही इसकी पुष्टि करेगी. पुलिस को अब डीएनए जांच रिपोर्ट का इंतजार है. रिपोर्ट आने के बाद ही शव की पहचान और मौत की परिस्थितियों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी.**



मृतका उर्मिला सैनी

संयोगितागंज थाना प्रभारी केपी यादव ने बताया कि गंजबासौदा पुलिस से अभी केस डायरी प्राप्त नहीं हुई है. डायरी मिलने के बाद सुसाइड नोट, घटनाक्रम और अन्य साक्ष्यों की स्थिति स्पष्ट होगी.

> **सभी तथ्यों का परीक्षण कर पुष्टि की जा रही है**
>
> मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है. केस डायरी मिलने के बाद सुसाइड नोट और अन्य तथ्यों का परीक्षण किया जाएगा. डीएनए रिपोर्ट आने के बाद ही शव की पहचान की अंतिम पुष्टि हो सकेगी. साथ ही फरारी के दौरान अखिलेश की गतिविधियों की भी जांच की जा रही है.
>
> **केपी यादव,** थाना प्रभारी संयोगितागंज

# सिंधिया राजपरिवार के संपत्ति बंटवारे की सुनवाई टली

**27** को होगी अगली सुनवाई

**35** पन्नों का समझौता है लंबित






नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 20 जुलाई. सिंधिया राजपरिवार की संपत्तियों के बंटवारे को लेकर ग्वालियर जिला न्यायालय में आज सोमवार को होने वाली सुनवाई टल गई. न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई को तय की है.**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की तीनों बुआओ की ओर से दायर वाद से संबंधित प्रकरण की फाइल हाई कोर्ट से जिला न्यायालय नहीं पहुंची. इस कारण बंटवारे के समझौता आवेदन पर सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी.

> **मौजूदा कब्जे को ही मालिकाना हक मानने का प्रस्ताव**
>
> प्रस्तावित समझौते के अनुसार, परिवार के सदस्यों के बीच संपत्तियों के बंटवारे पर सहमति बनने का दावा किया गया है. समझौते का प्रमुख आधार वर्तमान कब्जे को ही मालिकाना हक का आधार माना गया है. यदि अदालत इस समझौते को मंजूरी देती है तो ग्वालियर, दिल्ली, मुंबई और पुणे की अदालतों में लंबित एक दर्जन से अधिक दीवानी मुकदमों के समाप्त होने का रास्ता साफ हो सकता है.

सिंधिया राजपरिवार की संपत्तियों के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है. विवाद में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य और उनकी तीनों बुआ राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, मध्य प्रदेश की पूर्व मंत्री यशोधरा राजे व नेपाल में रह रहीं ऊषा राजे राणा पक्षकार हैं. ज्योतिरादित्य की ओर से जिला न्यायालय में 35 पृष्ठ का समझौता आवेदन प्रस्तुत किया गया. इस पर सभी पक्षों की सहमति के बाद न्यायालय की स्वीकृति होनी है. इससे पहले भी सुनवाई अभिलेख उपलब्ध नहीं होने के कारण स्थगित हो गई थी.



# भाजपा में शामिल हुए दतिया के महाराजा गोविंद देव

**दतिया, 20 जुलाई .** तत्कालीन दतिया रियासत के महाराज गोविंद देव ने भाजपा का दामन थाम लिया है. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल ने उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई. राजपरिवार से एक बड़ा नाम महाराजा गोविंद देव का माना जाता है. भाजपा आईटी सेल कार्यालय में गोबिंद देव की सदयस्ता दिलाई गई. दतिया महाराज के गले मे भाजपा का गमछा देख राजपरिवार में हलचल मची है. गौरतलब है कि राजपरिवार के कुंअर घनश्याम सिंह उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्यासी हैं.

### 1.06 करोड़ रुपये से अधिक की नगदी और सामग्री जब्त

**भोपाल.** दतिया विधानसभा उपनिर्वाचन-2026 को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लगातार सघन कार्रवाई की जा रही है।अब तक कुल 1 करोड़ 6 लाख 37 हजार 702 रुपये से अधिक मूल्य की नगदी , अवैध शराब एवं अन्य सामग्री जब्त की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वॉड टीम), एसएसटी एवं अन्य जांच दलों द्वारा अब तक 85 लाख 82 हजार 400 रुपये की नगद राशि जब्त की गई है। इसके अलावा कार्रवाई के दौरान 15 हजार 556 लीटर शराब भी जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 19 लाख 49 हजार 302 रुपये आंकी गई है.

# पकड़ाया अवैध असलहों का जखीरा

## 8 पिस्टल व जिंदा कारतूस, 15 मैगजीन बरामद, 2 गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 20 जुलाई, रीवा पुलिस ने नशे के बाद अब अवैध असलहों पर बडा प्रहार किया है. एसपी के निर्देश में पुलिस टीम ने अवैध हथियार सप्लाई करने वाले 2 सप्लायरों को गिरफ्तार किया है.**

पुलिस ने सप्लायरों के कब्जे से 8 नग पिस्टल व जिंदा कारतूस सहित 15 नग मैग्जीन बरामद किया है. आरोपियों से पूंछताछ कर पूरे नेटवर्क को पकडने् में रीवा पुलिस लगी हुई है. रीवा प्रवेश द्वार चोरहटा बाईपास के पास आरोपियों को पुलिस की टीम ने धरदबोचा. फिलहाल इतनी बडी संख्या में हथियारों के मिलने पर



पुलिस के साथ साथ अब एटीएस व आईबी सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी रीवा पहुंची है और पकडे गए सप्लायरों से पूंछताछ कर रही है. बताया जा रहा है कि यह खेप मप्र के धार जिले से लाई गई थी जिसे सप्लायर बस के जरिए राजधानी भोपाल से रीवा ला रहे थे. हालांकि हथियारों की खेप रीवा लाने के पीछे सप्लायरों के क्या मंसूबे थे यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है. दरअसल यह पूरी कार्यवाही आईजी गौरव राजपूत को मिलने इनपुट के आधार पर एसपी गुरूकरण सिंह के निर्देशन में गठित टीम में शामिल सीएसपी रितु उपाध्याय, चोरहटा थाना प्रभारी पवन शुक्ला, सिविल लाइन थाना प्रभारी विजय सिंह व सायबर उपनिरीक्षक म्रगेन्द्र सिंह नें की है. कार्यवाही के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को इनपुट मिला था कि राजधानी भोपाल से रीवा आ रही एसी कोच बस में हथियारों के सप्लायर अवैध हथियार की बडी खेप लेकर रीवा आ रहे है.



# आयुष्मान भारत योजना में मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय सम्मान

**भोपाल, 20 जुलाई. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय सम्मान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, तकनीक आधारित सुशासन और जनहितकारी कार्यों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है.**

उन्होंने इस उपलब्धि के लिए आयुष्मान भारत निरामयम् मध्यप्रदेश की पूरी टीम, जिला अधिकारियों, चिकित्सालयों और योजना से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जन-केंद्रित बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है. राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) द्वारा नई दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में आयोजित राष्ट्रीय समीक्षा बैठक में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश को 'बेस्ट परफार्मिंग लार्ज स्टेट-हाइयेस्ट प्री-ऑथोराइजेशंस विथ बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन' श्रेणी में राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया. यह सम्मान योजना के अंतर्गत बायोमेट्रिक आधारित प्री-ऑथराइजेशन प्रक्रिया के प्रभावी, पारदर्शी एवं सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदान किया गया है.

> मध्यप्रदेश ने इस क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश के बड़े राज्यों में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव द्वारा आयुष्मान भारत निरामयम् मध्यप्रदेश के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविंद शाह को पुरस्कार प्रदान किया गया. इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सुनील कुमार बर्नवाल, संयुक्त सचिव किरण गोपाल वास्का सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण एवं यूआईडीएआई ( आधार ) के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

**दतिया उपचुनाव** दलित बस्ती में युवक ने पटवारी से किए तीखे सवाल

# दतिया में हेमंत और जीतू संभाल रहे चुनाव अभियान की कमान

नवभारत न्यूज

**दतिया, 20 जुलाई.** कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों ने इस उपचुनाव को प्रतिष्ठा का मुद्दा बना लिया है. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल और प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह खुद यहां चुनाव अभियान चला रहे हैं. भाजपा ने संगठनात्मक ताकत का पूरा जोर लगाया है, जबकि कांग्रेस अपने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों को साधने की कोशिश कर रही है.



राजेंद्र भारती प्रकरण को लेकर दोनों दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गया है.

दतिया में वरिष्ठ नेताओं के लगातार दौरे हो रहे हैं. भाजपा की ओर से केंद्रीय और प्रदेश स्तर के नेता क्षेत्र में सक्रिय हैं, वहीं कांग्रेस भी अपनी पूरी मशीनरी उतार चुकी है. स्थानीय मुद्दों जैसे जल संकट, सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर बहस छिड़ी हुई है. प्रचार अभियान के दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा. दलित बस्ती में जनसंपर्क के समय एक स्थानीय युवक ने उनसे सीधे और तीखे सवाल पूछे, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया. यह घटना उपचुनाव को और अधिक रोचक बनाती नजर आ रही है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक सभा में जीतू पटवारी जब भाजपा पर निशाना साधते हुए जब यह कह रहे थे कि पूर्व विधायक राजेंद्र भारती को भाजपा ने जेल भिजवाया है,

इस बयान पर वहाँ मौजूद एक युवक ने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए पूछा, 'क्या राजेंद्र भारती मुलजिम नहीं थे? इसलिए तो जेल गए होंगे?' युवक के इस सवाल ने पटवारी की बात को सीधे चुनौती दी. युवक की टिप्पणी के बाद आसपास की भीड़ में हलचल मच गई और कुछ देर के लिए प्रचार कार्यक्रम ठप्प सा हो गया. जीतू पटवारी ने इस पर कोई विस्तृत जवाब नहीं दिया और 'जय भीम' का नारा लगाते हुए आगे बढ़ गए. दतिया उपचुनाव में यह घटना आम मतदाताओं द्वारा नेताओं से सवाल पूछने की बढ़ती प्रवृत्ति को बता रही है. पहले भी कई जगहों पर प्रत्याशियों और वरिष्ठ नेताओं को स्थानीय मुद्दों, विकास कार्यों, बेरोजगारी और जातीय समीकरणों पर सवालों का सामना करना पड़ा है. मतदाता अब तैयारशुदा भाषणों से आगे जाकर जवाब मांग रहे हैं.

> **डॉ. महेन्द्र सिंह आज प्रचार रथों को करेंगे रवाना**
>
> भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह 21 जुलाई मंगलवार को प्रात: 09:45 बजे दतिया के होटल रतन रॉयल स्थित उपचुनाव कार्यालय से पार्टी के प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे. इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेतागण, पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी और जिला पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे.